कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-18.03.2025

विषय:- चोरी करने के मामलों में वांछित शातिर अभियुक्त धर्मेन्द्र विश्वकर्मा थाना सारनाथ पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार, कब्जे से चोरी के कुल 2200/- रु0 नकद के साथ घटना में प्रयुक्त 01 अदद प्लास बरामद।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के चोरी/लूट/नकबजनी की घटनाओं के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन में, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के कुशल नेतृत्व में थाना सारनाथ पुलिस टीम द्वारा **"ऑपरेशन चक्रव्यूह"** के तहत चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर 01- मु0अ0सं0 123/2025 धारा 305(a),331(4),317(2) बी0एन0एस0 व 02- मु0अ0सं0 127/2025 धारा 305(a),331(4),317(2) बी0एन0एस0 थाना सारनाथ कमि0 वाराणसी से संबंधित वांछित शातिर अभियुक्त धर्मेन्द्र विश्वकर्मा पुत्र श्याम नारायण विश्वकर्मा निवासी पंचकोशी पैगंबरपुर थाना सारनाथ जनपद वाराणसी को आज दिनांक-18.03.2025 को समय करीब 01.55 बजे कृष्णा नगर कालोनी लेढूपुर थाना सारनाथ वाराणसी से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से चोरी का कुल 2200/- रु0 नकद व घटना में प्रयुक्त 01 अदद प्लास बरामद हुआ। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना सारनाथ पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण-

1- दिनांक 15.03.2025 को वादी मुकदमा/प्रार्थी ने एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनके घर में घुसकर 5000/- रुपया नगद व एक की-पैड मोबाइल फोन चोरी करने के संबंध में लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना सारनाथ में मु0अ0सं0-123/2025 धारा 305(a) बी0एन0एस0 पंजीकृत किया गया, जिसकी विवेचना उ0नि0 अनिल सिंह द्वारा सम्पादित की जा रही है।

2- दिनांक 17.03.2025 को वादी मुकदमा/प्रार्थी ने अज्ञात चोरों द्वारा प्रार्थी के मकान में घुसकर आभूषण व 01 की-पैड मोबाइल चोरी कर लेने के संबंध में लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना सारनाथ में मु0अ0सं0-127/2025 धारा 305(a),331(4) बी0एन0एस0 पंजीकृत किया गया, जिसकी विवेचना उ0नि0 संदीप कुमार शर्मा द्वारा सम्पादित की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-
धर्मेन्द्र विश्वकर्मा पुत्र श्याम नारायण विश्वकर्मा निवासी पंचकोशी पैगंबरपुर थाना सारनाथ जनपद वाराणसी, उम्र करीब 31 वर्ष।

विवरण पूछताछ- अभियुक्त धर्मेन्द्र विश्वकर्मा ने पूछताछ करने पर बताया कि मैं आपके थाने का हिस्ट्रीशीटर हूँ और अभी कुछ दिन पहले ही जेल से छूट कर आया था तथा पैसों की जरूरत पड़ने के कारण बंद मकानों में चोरी करने के इरादे से मैं आज भी निकला था लेकिन आप लोगों ने मुझे पकड़ लिया। मैंने दिनांक-12/03/25 को बजरंग नगर कॉलोनी सारनाथ के एक बंद मकान में चोरी किया था जिसमें से मुझे कोई भी जेवर व अन्य सामान नहीं मिला था सिर्फ एक की-पैड वाला मोबाइल व 2000/- रु0 मिला था। मोबाइल मैंने नशे में पता नहीं कहीं पर गिरा दिया और चोरी किये पैसों में से 1300/- रुपये मैंने अपने खाने-पीने में तथा अन्य चीजों में खर्च कर दिया। दिनांक-14/03/25 को भी मैं कृष्णा नगर कॉलोनी सारनाथ में एक बंद मकान में चोरी किया था उसमे मुझे 5000/- रूपये ही मिले थे, जिसमें से मिले पैसों को मैंने होली में अपने दोस्तों को 3500/- रुपये की शराब पिला दिया। मेरे पास से जो नगद रुपये बरामद हुए हैं ये चोरी से प्राप्त पैसे हैं जिसमें से 700/- रू0 बजरंग नगर कॉलोनी से प्राप्त पैसे में से बचे हैं व बाकी पैसे कृष्णा नगर कॉलोनी में चोरी से प्राप्त पैसे हैं तथा इसी प्लास से मैं चोरी किये जाने वाले मकान का ताला तोड़ता था।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय- कृष्णा नगर कालोनी लेढूपुर थाना सारनाथ वाराणसी से, दिनांक-18.03.2025 को समय करीब 01.55 बजे।

बरामदगी का विवरण- कुल 2200/- रुपये नकद व घटना में प्रयुक्त 01 अदद प्लास बरामद।

आपराधिक इतिहास-
1- मु0अ0सं0 191/2018 धारा 379,411,414,419,420 भा0द0वि0 थाना चेतगंज कमि0 वाराणसी।
2- मु0अ0सं0 272/2015 धारा 8/20 एन0डी0पी0एस0 एक्ट थाना सारनाथ कमि0 वाराणसी।
3- मु0अ0सं0 280/2019 धारा 41,411,414 भा0द0वि0 थाना सारनाथ कमि0 वाराणसी।
4- मु0अ0सं0 284/2022 धारा 379,411 भा0द0वि0 थाना सारनाथ कमि0 वाराणसी।
5- मु0अ0सं0 315/2022 धारा 8/20 एन0डी0पी0एस0 एक्ट थाना सारनाथ कमि0 वाराणसी।
6- मु0अ0सं0 372/2018 धारा 41,411,414 भा0द0वि0 थाना सारनाथ कमि0 वाराणसी।
7- मु0अ0सं0 452/2023 धारा 380,411,457 भा0द0वि0 थाना सारनाथ कमि0 वाराणसी।
8- मु0अ0सं0 491/2016 धारा 380,411,457 भा0द0वि0 थाना सारनाथ कमि0 वाराणसी।
9- मु0अ0सं0 500/2016 धारा 41,411 भा0द0वि0 थाना सारनाथ कमि0 वाराणसी।
10- मु0अ0सं0 530/2020 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना सारनाथ कमि0 वाराणसी।
11- मु0अ0सं0 549/2019 धारा 8/20 एन0डी0पी0एस एक्ट थाना सारनाथ कमि0 वाराणसी।
12- मु0अ0सं0 176/2012 धारा 109,41 सीआरपीसी थाना सारनाथ कमि0 वाराणसी।
13- मु0अ0सं0 247/2012 धारा 109,41 सीआरपीसी थाना सारनाथ कमि0 वाराणसी।
14- मु0अ0सं0 123/2025 धारा 305(a),331(4),317(2) बी0एन0एस0 थाना सारनाथ कमि0 वाराणसी।
15- मु0अ0सं0 127/2025 धारा 305(a),331(4),317(2) बी0एन0एस0 थाना सारनाथ कमि0 वाराणसी।

<u>गिरफ़्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-</u>

1- थानाध्यक्ष विवेक कुमार त्रिपाठी थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।

2- उ0नि0 अनिल सिंह चन्देल थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।

3- उ0नि0प्र0 संदीप शर्मा थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।

4- हे0का0 अनील कुमार थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।

5- हे0का0 दिनेश सिंह थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।